तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 सभी उपार्जन केंद्रों पर जरूरी व्यवस्थाएं ...




12 मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष बने खोड़स ...



जय नानेश
!! श्री महावीराय नमः !!
जय रामेश
पार्श्व अमन ज्वेलर्स
शुद्धता की गारंटी
सही माप, उचित दाम
आकर्षक डिजाइन के जेवर
हॉलमार्क ज्वेलरी मिलने का अधिकृत संस्थान
जैन मंदिर के पास, गांधी चौक-महासमुंद
मो. नं. 94252-15906, 94242-40012

रवि सेल्स
इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड फर्नीचर सामानों के विक्रेता
SONY
SAMSUNG
AMSTRAD INSPIRED BY PASSION
LLOYD
LG
HAVELLS
संबंधित प्रतिष्ठान : रवि ज्वेलर्स
पता : जैन मंदिर के पास, महासमुंद
मो. 7440311000

## खबर संक्षेप

### महिला से पति ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** एक महिला के साथ उसके पति द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थिया कविता बाई दास वार्ड नं 6 बसना ने बताया कि करीब 16 वर्ष पूर्व वार्ड नं 6 बसना निवासी विजय दास के साथ प्रेम विवाह हुआ है। मेरा पति विजय दास रोज शराब पीता है और काम भी नहीं करता है और मुझ पर शक करते हुए मारपीट करता है। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति विजय दास से परेशान होकर करीब एक वर्ष से मायके में रह रही है । 21 अक्टूबर को भी आरोपी ने प्रार्थिय को तू किसी और लड़के के साथ बात करती है, मिलती है कहकर गालियां दी और मारपीट की। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### हार्वेस्टर पलटने से चालक की मौत

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र अंतर्गत एक हार्वेस्टर के पलट जाने से उसके चालक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक जितेंद्र यादव हार्वेस्टर क्रमांक सीजी 05 एक्यू 8564 को ग्राम आमाचानी थाना मगरलोड जिला धमतरी से जीवन साव को हार्वेस्टर में बिठाकर ग्राम भलेसर थाना कोमाखान क्षेत्र में धान काटने के लिए खुद ही चलाते हुए ला रहा था। शाम करीब 5 बजे टुहलू एवं ग्राम पलसीपानी के बीच जंगल सड़क किनारे हार्वेस्टर के पलट जाने से जितेंद्र यादव हार्वेस्टर में दब गया जिससे उसके मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 106(1), 125(a), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

**विडंबना:** पखवाड़ा भर बीत गया लेकिन, नही सुधर पा रही सिग्नल की खराबी

# त्योहारी भीड़ और भीषण यातायात के बीच चौराहे में सिग्नल नहीं, सीटी का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के तीन प्रमुख चौराहों में से सर्वाधिक व्यस्ततम चौराहे नेहरू चौक का सिग्नल पिछले पखवाड़े भर से खराब है। भीषण और बेतरतीब यातायात के बीच चौराहे में तैनात जवानों को केवल सिटी की सहारा है। बताया जा रहा है कि नवरात्रि के दौरान हुई बारिश के बाद इसमें खराबी आई जो अब तक ठीक नही हो पाई है। लगातार ट्रैफिक सिग्नल के नही होने के नेहरू चौक में लगातार अव्यवस्था का आलम है। रोजाना यहां पर दुर्घटनाएं हो रही है, हालांकि गंभीर ▶▶| शेष पेज 10 पर





### व्यस्त मार्गों पर आए दिन लग रहा जाम

इधर बाजार में दुकानों का सामान सड़कों तक सजा हुआ है, जिससे पैदल चलने के लिए लोगों को फुटपाथ भी नहीं मिल पाती और न ही वाहनों की पार्किंग करने के लिए स्थान मिल पाता है। इसके कारण आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इस समस्या के कारण न सिर्फ बाजार में पहुंचने वाले ग्राहक हलाकान हैं, बल्कि व्यापारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आगामी दिनों में बाजार में और भी अधिक भीड़ उमड़ने की संभावना है जिसके कारण यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापारियों की चिंता बनी हुई है।

### सड़क पर पार्किंग

बाजार में लोगों की उमड़ती भीड़ के चलते बाजार क्षेत्र एवं शहर के मुख्य मार्ग में यातायात का जबरदस्त दवाव बनना शुरू हो गया है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों से बाजार में खरीदी करने वाले लोगों को अपने वाहनों की पार्किंग करने के लिए हलाकान होना पड़ रहा है। आलम यह है कि अहिंसा द्वार से लेकर गांधी चौक होते हुए महामाया मंदिर जाने वाले मार्ग के आसपास जहां सामान्य दिनों में वाहनों की पार्किंग के लिए जगह नहीं रहती, वहीं इन दिनों वाहनों को अव्यवस्थित रूप से पार्किंग करने की मजबूरी लोगों की बनी हुई है।

# अलग-अलग थाना क्षेत्र में चोरी, घर से जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के अलग-अलग थाने में चोरी की तीन घटनाओं में पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार सरायपाली के ग्राम बाराडोली निवासी गिरीशदास ने पुलिस को बताया कि 20 अक्टूबर को हम सपरिवार खाना खाकर सो गए। दूसरे दिन उठा तो कमरे का दरवाजे की सिटकिनी बाहर से बंद थी तब पड़ोसी चचेरे भाई राकेश दास को फोन पर इसकी जानकारी दी। तो वह छबिलाल बेहरा को बोलकर पीछे बाड़ी तरफ से चढ़कर सिटकिनी खुलवाई। घर में लगे सीसीटीवी कैमरा के डीवीआर रखे कमरे का ताला खुला हुआ था और डीवीआर का कनेक्शन निकला हुआ था। भैया दिलीप दास के कमरे की लाईट जल रही थी। कमरे मे जाकर देखा तो आलमारी का लॉकर खुला था। जिसकी सूचना भैया घनश्याम को दी। सूचना पर उन्होंने देखा तो लॉकर से एक नग सोने का रानी हार व कान का सेट 40 ग्राम (कीमती करीब 50 हजार रुपए), छह नग सोने की अंगूठी 12 ग्राम (करीब 30 हजार रुपए), एक नग छोटा लॉकेट व दाना 02 ग्राम (कीमती 5 हजार रुपए) कुल कीमती 85 हजार रुपए गायब थे। पुलिस ने शिकायत पर बीएनएस की धारा 305, 331(4) के तहत मामला दर्ज किया है।

### बकरा-बकरी चोरी, सबमर्सिबल मोटर पंप एवं केबल वायर चोरी

इसी तरह बसना थाना क्षेत्र के ग्राम ठेलकोदादर निवासी टेकचंद पटेल ने थाने में शिकायत की है कि 20 अक्टूबर की सुबह करीब 5 बजे कोठार में जाकर देखा तो 4 नग बकरी व 10 नग बकरा कम थे। 14 नग बकरी-बकरा (कीमती करीब 80 हजार रुपए) गायब थे। वहीं सांकरा थाना अंतर्गत ग्राम लोहराकोट निवासी राजकुमारी चौहान ने पुलिस को बताया कि 20 सितंबर को वह मायका बसना चली गई थीं घर में कोई नहीं था। 15-20 दिन बाद वापस लौटी तो घर के सामने बोरवेल का 1 एचपी का सबमर्सिबल मोटर पंप व केबल नहीं था। पुलिस ने उक्त दोनों मामलों में बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# छग दस्तावेज लेखक व स्टांप वेंडर्स अनेक मांगों को लेकर रहे हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ प्रदेश दस्तावेज लेखक जनकल्याण संघ दस्तावेज लेखकों एवं स्टांप वेंडर्स की विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे, जिसमें सरायपाली के दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर उपस्थित थे। साथ ही इस संबंध में उनके द्वारा महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक छत्तीसगढ़ रायपुर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उनके द्वारा दस्तावेज लेखन कार्य में लाइसेंस धारी को ही सर्विस प्रोवाइडर की आईडी प्रदान करने, रजिस्ट्री से संबंधित दस्तावेज भी केवल लाइसेंस धारी आईडी धारकों के माध्यम से बनाए जाने, दस्तावेज लेखन एवं स्टांप वेंडर को दुर्घटना बीमा का लाभ दिए जाने, आईडी प्रदान करने के पश्चात उसका नवीनीकरण प्रतिवर्ष ना करके 5 वर्ष के लिए किए जाने सहित दस्तावेज लेखन के लिए शुल्क निर्धारण व अन्य मांगों का उल्लेख किया गया है। हड़ताल के दौरान बाबूलाल कर, तिलक प्रसाद साहू, अमृत लाल चौधरी, शिव प्रसाद साहू, भुनेश्वर साहू, मनोज सतपथी, सचिन पात्र, देवेश यादव, खीरराम पटेल, वीरेंद्र साहू, अनिल आचार्य आदि दस्तावेज लेखन व स्टांप वेंडर उपस्थित रहे।




# आबकारी टीम ने 91.78 बल्क लीटर शराब एवं 8350 किलो महुआ लाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य स्तरीय संभागीय उड़नदस्ता और स्थानीय आबकारी टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए जिले में लाखों की अवैध शराब जब्त की है। जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम के निर्देशन एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी निधीष कुमार कोष्टी के मार्गदर्शन में संभागीय उड़नदस्ता रायपुर एवं आबकारी वृत्त सांकरा, वृत्त बसना, वृत्त पिथौरा एवं वृत्त बागबाहरा की संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में डिजेलाल बंजारा ग्राम छुआलीपतेरा थाना साँकरा से 2 लीटर महुआ शराब कीमत 400 तथा दूसरे प्रकरण में अज्ञात आरोपी से उतेकेल के जंगल थाना सांकरा से 65 लीटर महुआ शराब कीमत 13000 रुपए जब्त, उतेकेल का जंगल में 180 बोरियों में महुआ लहान कुल 7200 किग्रा कीमत 3,60,000 रुपए एवं ज़िला महासमुंद की आबकारी टीम द्वारा वृत्त सांकरा अंतर्गत 34(1)(च),34(2) आबकारी अधिनियम के तहत 20 लीटर महुआ शराब कीमत 4000 रुपए, 400 किग्रा लाहन कीमत 20000 रुपए जुमला 24000 रुपए जब्त कर प्रकरण बनाया गया। वृत्त बागबाहरा अंतर्गत कल्याणपुर के मैदान के पास बागबाहरा से पिथौरा मार्ग में लावारिश अवस्था में एक सफेद बोरी के अंदर रखे हुए 11 पाव देशी ▶▶| शेष पेज 10 पर



### केवाईसी के नाम पर शिक्षक से 2 लाख 92 हजार की धोखाधड़ी

**महासमुंद।** पीएम किसान सम्मान निधि केवाईसी करने के नाम पर ओटीपी पूछने के बाद अज्ञात आरोपी ने एक शिक्षक के बैंक खाते से 2 लाख 92 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर ली। फ्रॉड के शिकार हुए शिक्षक ने बसना थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बसना पुलिस को बरेकेल निवासी व वर्तमान में फुलझर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगतदेवरी में व्याख्याता त्रिलोक कुमार पारेश्वर पिता हरीशचंद्र पारेश्वर (46 साल) ने बताया कि11 जुलाई की दोपहर 01.20 बजे मेंरे मोबाईल पर अज्ञात मोबाईल नंबर के धारक द्वारा पीएम सम्मान निधि कार्यालय से बोल रहा हू और केवाईसी करना है कहते हुए ओटीपी पूछा। इसके बाद जब ओटीपी बताया, तो अज्ञात आरोपी ने प्रार्थी के छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक भगतदेवरी के खाते से 42,000 रुपए एवं सीपीएफ खाते से तीन बार में 2,50,000 रुपए कुल 2,92,000 रुपए की धोखाधड़ी कर ली। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# चालक को आई झपकी, कार कंटेनर से टकराई, दंपत्ति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर सोमवार को अलसुबह ओडिशा से मुंबई थाणे जा रही कार सड़क किनारे खड़ी एक कंटेनर से जा टकराई। इस घटना में कार सवार दो को गंभीर चोटें आई है। सांकरा थाना प्रभारी राणा सिंह ने बताया कि ओडिशा बालेश्वर निवासी राधेश्याम साहू (42) थाणे में कार्यरत हैं, वे पत्नी मीना रानी साहू (41) और अपने दोनों बेटों के साथ ओडिशा से थाणे के लिए कार क्रमांक एमएच 05 एफजी 7615 में सवार होकर रवाना हुए थे। आज अल सुबह करीब 4-5 बजे के बीच कार चला रहे राधेश्याम को झपकी आ गई। जिससे उनकी कार राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर भोकलूडीह के पास खड़ी कंटेनर क्रमांक एमएच 40 सीएम 3088 में पीछे से जा टकराई। जिससे कार मे सवार चार में से राधेश्याम साहू के सिर पर गंभीर चोट आई वहीं उनकी पत्नी भी घायल हो गई। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हे रायपुर रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि कार में सवार दोनों बच्चे सुरक्षित है।



### जमीन बंटवारे को लेकर चाचा से मारपीट

**महासमुंद।** जमीन बंटवारे को लेकर एक युवक ने अपने चाचा के साथ मारपीट कर दी। मामला बसना थाना अंतर्गत ग्राम गढ़फुलझर का है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। प्रार्थी श्यामसुंदर बारिक बडेडाभा ने पुलिस को बताया कि हम लोग पांच भाई हैं। सभी का हिस्सा बंटवारा हो गया है। बड़े भाई मनसाराम की मृत्यु हो गई है, उसके चार लड़के हैं। प्रार्थी ने बताया कि वह 21 अक्टूबर को ग्राम पिपलीपाली रोड किनारे स्थित खेत ग्राम गढफुलझर में धान कटाने गया था। शाम 5 बजे बडे भाई मनसाराम का लड़का सुकालू बारीक आया और कहा कि मेंरे पिताजी की मृत्यु हो गई है, तुम ही हमारे बाप हो। हम चारों भाईयों का हिस्सा बंटवारा को क्यों नहीं कर रहे हो कहते हुए गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा तथा ईंट को उठाकर मेरे बांये कान एवं बांये पैर के जांघ में मार दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

भवानी ज्वेलर्स
शुद्धता की गारंटी का वादा
श्रीमती दुर्गा पोद्दार, अनिल चौधरी, हर्षवर्धन चौधरी
महामाया मंदिर के पास, महासमुंद (छत्तीसगढ़)
9399407251, 8770668185

## खबर संक्षेप

### जब तक पेमेंट नहीं तब तक न मिलिंग, न पंजीयन, एग्रीमेंट करेंगे

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ के राइस मिलर्स कस्टम मिलिंग की बकाया राशि करीब 3 हजार करोड़ की वसूली के लिए आंदोलित हो रहे हैं। लंबे समय से भुगतान की मांग कर रहे मिलरों ने रविवार को रायपुर में एक बैठक के बाद निर्णय लिया है कि जब तक बकाया राशि का भुगतान नहीं हो जाता, मिलर इस सीजन की मिलिंग के लिए पंजीयन नहीं कराएंगे। सरकार ने अगर आटो मोड में पंजीयन कर भी लिया, तो मिलर बैंक गारंटी नहीं जमा करेंगे। यह निर्णय रायपुर जिला राइस मिलर एसोसिएशन ने लिया है। इसी तरह का निर्णय बालोद जिला राइस मिलर्स ने भी लिया है। हालांकि ये मामला प्रदेश स्तर का है। पूरे प्रदेश के मिलरों का करीब 3 हजार करोड़ का बकाया पिछली कांग्रेस सरकार के समय का है। रायपुर जिले के मिलरों की रविवार को हुई मीटिंग के संबंध में एक बयान जारी कर कहा गया है कि रायपुर के मिलर्स ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की जब तक शासन के द्वारा हमारे सभी मदो में कस्टम मिलिंग राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक रायपुर जिले में किसी भी मिलर के द्वारा पंजीयन एवम एग्रीमेंट नहीं कराया जाएगा, मार्कफेड को बारदाना नहीं उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही आटो पंजीयन होने की स्थिति में किसी भी मिलर के द्वारा बैंक गारंटी नहीं प्रस्तुत किया जाएगा। मिलरो ने ये भी कहा है कि कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराने के लिए 30 नवंबर तक का समय दिया जाए।

## पेज 9 का शेष

### त्यौहारी भीड़ और ..

नही है लेकिन, बड़े हादसे के इंतजार में लापरवाही सामने आ रही है। सिग्नल काम नही करने से यहां से गुजरने वाले लोग यातायात नियमों का पालन नही नही कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि नेहरु चौक स्थित सिग्नल का मदर बोर्ड खराब हो गया है। फलस्वरूप 10 दिनों से सिग्नल उनका बंद है। कंपनी ने इसके रखरखाव का जिम्मा लिया है। लेकिन, जब से यह लगा है तब से अनेक बार यह खराब हो चुका है। इसकी सूचना सिग्नल चलाने वाली कंपनी को दी है, लेकिन अभी तक कंपनी के कर्मचारी आकर सुधार नहीं किए हैं, जिसके कारण आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। यातायात डीएसपी धनेंद्र ध्रुव ने बताया है कि मदर बोर्ड में खराबी आने की वजह से दोनों ओर के सिग्नल एक साथ शुरू हो जाते थे। इस कारण इसे बंद रखा गया है। यातायात विभाग की ओर से 40 हजार रुपए का मदर बोर्ड आर्डर किया गया है। अगले 2 से 3 दिनों में इसे बदल दिया जाएगा और सिग्नल शुरू हो जाएगा।

### आबकारी टीम....

प्लेन शराब कुल 1.98 बल्क लीटर, 18 पाउच हिरण छाप उड़ीसा राज्य निर्मित महुआ शराब कुल 3.6 बल्क लीटर एवं 6 पाउच हाथभट्ठी महुआ शराब कुल 1.2 बल्क लीटर कुल जब्त मात्रा 6.78 बल्क लीटर कीमत 2190 रुपए जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) ( क) , 34(2) ,36 एवं 59(क) के अंतर्गत प्रकरण कायम किया गया। वृत्त बसना अंतर्गत ग्राम निर्राबेड़ा के जंगल में नाला किनारे 50 किलो के 15 पॉलीथिन बैग में कुल 750 किलो महुआ लाहन कीमत 37500 रुपए को जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (च) के तहत प्रकरण कायम किया गया। इस प्रकार कुल 91.78 बल्क लीटर शराब एवं 8350 किलो महुआ लाहन कुल कीमत 437090 रुपए की मदिरा एवं सामग्री जब्त की गई।

**कार्रवाई में यह रहे शामिल**


कार्रवाई में संभागीय उड़नदस्ता रायपुर से सहायक जिला आबकारी अधिकारी अजय पांडे, आबकारी उपनिरीक्षक राजेंद्र देवांगन, आरक्षक महेश साहू, विजय वर्मा तथा जिला महासमुंद वृत्त सांकरा से अनिल कुमार झरिया, वृत्त बसना से आबकारी उपनिरीक्षक हृदय कुमार तिरपुडे, मुख्य आरक्षक पी माधव राव, वृत्त बागबाहरा से आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार वर्मा, आबकारी आरक्षक संजय मरकाम तथा वृत्त पिथोरा से आबकारी उपनिरीक्षक शिवशंकर की संयुक्त आबकारी टीम उपस्थित रहे।

**आयोजन:** ध्रुव गोंड़ समाज सुवरमार परिक्षेत्र का नवाखाई कार्यक्रम

# भारतीय सामाजिक व्यवस्था का आधार स्तंभ है आदिवासी समाजः द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- नवाखाई एवं ठाकुर जोहरनी कार्यक्रम को विधायक द्वारिकाधीश यादव ने किया संबोधित



आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज सुवरमार परिक्षेत्र का नवाखाई एवं ठाकुर जोहरनी कार्यक्रम खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भदरसी में पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार पोडेटी एवं सर्व आदिवासी समाज महासमुंद के जिला अध्यक्ष भीखम सिंह ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर जिला पंचायत सदस्य बसंता ठाकुर, ध्रुव गोंड़ समाज महासमुंद के जिला उपाध्यक्ष चंदाराम सोरी, जिला सचिव राजकुमार नेताम, जीवराखन नेताम, कृष्ण कुमार छेदैहा, कुमार छेदैहा, गोंड़ी भाषा प्रचारक प्रेम सिंह नेताम, बलराम छेदैहा, खोमन मरई, चंद्रशेखर पोडेटी, सेतराम छेदैहा, तीजकुमारी छेदैहा, पुनीत राम मरई, सेवकराम मरई, सोनूराम मरई, जगन्नाथ सिंह मरई विराजमान रहे।

इस नवाखाई ठाकुर जोहरनी कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासी समाज के आराध्य बूढ़ादेव की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात स्वागत का क्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें आदिवासी समाज के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा विधायक द्वारिकाधीश यादव सहित उपस्थित अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार स्वागत किया गया। वही उद्बोधन के क्रम में आयोजन को संबोधित करते हुए विधायक द्वारकाधीश यादव ने आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिवासी समाज का आदिकाल से आज पर्यंत तक गौरवशाली इतिहास रहा है। यह समाज शुरू से ही समाज के साथ-साथ राष्ट्र के विकास की अवधारणा को लेकर अग्रसर रहा है। आजादी की लड़ाई और उससे पहले भी जब-जब राष्ट्र रक्षा की बात सामने आई है, तब तक इस समाज ने अपना सर्वस्व अर्पित करते हुए तन-मन-धन से राष्ट्र की सेवा की है। वहीं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में इस समाज के द्वारा किए गए प्रयास अन्य समाजों का सदैव मार्गदर्शन करते आ रहे हैं। विधायक यादव ने कहा कि धर्म शास्त्रों का मानना है कि इस विश्व में वही समाज सर्वाधिक सफल है, जो अपने पारंपरिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षण प्रदान करता है। और आदिवासी समाज ने धर्म शास्त्रों की इन बातों को सिद्ध करते हुए शिक्षा, संस्कृति, परंपरा सहित सभी क्षेत्रों में अपना वर्चस्व स्थापित किया है और इस समाज के नौनिहाल आज भी अपने पूर्वजों के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए भारत सहित समूचे विश्व में आदिवासी समाज का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित कर रहे हैं। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मनोहर नेताम, शिव मोहन छेदैहा, मनराखन पूनऊ नेताम, धुरसिंग नेताम ऋषिकुमार नेताम, तुलसीराम कुंजाम, लीलाधर, पोखन, खिलावन, रामनाथ मरई, मनराखन छेदैहा, दिलीप मरई, ओमप्रकाश नेताम, अजय पोडेटी टोपेश मरई, राहुल छेदैहा, ओम प्रकाश छेदैहा, खिलावन पोडेटी सहित आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के पदाधिकारी व सदस्य तथा बड़ी संख्या में माताएं बहनें उपस्थित रही।

## कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कार्यालय में हर मंगलवार को आयोजित जन चौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से एक-एक कर मुलाकात की और उनके समक्ष अपनी मांगे व समस्याएं रखी। जन चौपाल में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण के लिए कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। जनसुनवाई में वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जन चौपाल में महासमुंद सिरगिड़ी केजीवराखन साहू ने पेंशन दिलाने, तुमगांव के मनोहर यादव ने आर्थिक सहायता राशि के लिए, पिथौरा परसदा की गंधर्वी यादव ने नया राशन कार्ड बनवाने, बागबाहरा केभगतराम यादव ने राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम दर्ज कराने, लालपुर के लुमन ध्रुव ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए तथा बसना बनडबरी के जामबाई बिंझवार ने त्रुटि सुधार के लिए कलेक्टर को आवेदन सौंपे। इसी तरह आवेदकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाने एवं अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर को सौंपे गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर की निगरानी एवं देखरेख में प्राथमिकता से जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। जन चौपाल में दूरस्थ क्षेत्रों से अपनी समस्या लेकर पहुंचने वाले अनेक आवेदकों से कलेक्टर ने कहा कि जिला मुख्यालय आने से पूर्व एक बार संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, जनपद सीईओ और तहसीलदार को अपना आवेदन अवश्य दें। वहां कार्रवाई नहीं होने पर कलेक्टर जनचौपाल में आएं, ताकि आवागमन में व्यर्थ पैसे और समय बर्बाद न करना पड़े।

# जिले में 5 को मनाया जाएगा राज्योत्सव

## कलेक्टर ने आवश्यक तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य स्थापना के 24 वें वर्ष पूरे होने पर राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 1 नवंबर को किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने स्थानीय मिनी स्टेडियम पहुंचकर राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया एवं संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव जिला मुख्यालय महासमुंद स्थित शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय मिनी स्टेडियम में 05 अक्टूबर 2024 को राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन पूर्ण गरिमा और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व वर्ष की भांति जिला मुख्यालय में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की विशेष उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगायी जाएगी। जिसमें राज्य शासन की विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। राज्योत्सव में स्थानीय और राज्य की संस्कृतियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से छटा बिखरेगी। उन्होंने मंच सहित स्टॉल और बैठक व्यवस्था, पार्किंग आदि की तैयारी समय पूर्व करने कहा है। साथ ही कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी के लिए रिहर्सल भी प्रारंभ कर दें।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू,

- सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभागीय प्रदर्शनी होंगे आकर्षण

अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा सहित महिला बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक निर्माण सहित विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर लंगेह ने राज्योत्सव के सफल एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करने के दृष्टिकोण से अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी महासमुंद रवि कुमार साहू राज्योत्सव के नोडल अधिकारी एवं एसडीएम महासमुंद हरिशंकर पैकरा सहायक नोडल अधिकारी होंगे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की जाएगी। इसी तरह वन विभाग को बेरिकेडिंग के लिए बांस बल्ली की व्यवस्था, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई, पेयजल, पानी टैंकर एवं शौचालय व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कृषि, मत्स्य, महिला बाल विकास, कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्रामीण यांत्रिक सेवा संभाग को कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास, उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन करने कहा है। उद्यानिकी विभाग को मंच सजावट एवं फूल, बुके की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, प्रदर्शनी के लिए पंडाल की व्यवस्था एनआरएलएम एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा की जाएगी। इसी तरह पेयजल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाएगी। कलेक्टर ने सभी विभाग को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सौंपे हुए दायित्वों का गंभीरता से संपादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# राज्य स्तरीय एडवेंचर्स कैंप का हुआ आयोजन

## पचमढ़ी और मनाली जैसे एडवेंचर्स जलकी में देख हर्षित हुए स्काउट-गाइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर के तत्वावधान में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव दिशा निर्देश एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, प्राकृतिक अध्ययन एवं व्यक्तित्व विकास स्काउट गाइड शिविर 17 से 19 अक्टूबर जलकी सिरपुर जिला महासमुंद में आयोजित हुआ। जहां महासमुंद, बलौदाबाजार व राजनांदगांव तीन जिला के स्काउट गाइड एवं प्रभारी शिक्षकों के साथ कुल 97 प्रतिभागी राज्य शिविर प्रभारी लीनू चंद्राकर डीओसी गाइड के नेतृत्व में महासमुंद जिला सेराजीव तिवारी एवं अनिता साहू प्रभारी शिक्षक के साथ 30 स्काउट्स एवं गाइड्स सम्मिलित हुए। शिविर के प्रथम दिवस जिला सलाहकार दाऊलाल चंद्राकर पूर्व जिलाध्यक्ष, नुकेश चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, राजू यादव, थवाईत जिला परिषद के सदस्य पहुंचकर स्काउट गाइड से मिले, उनसे पूछे कैंप कैसे लग रहा है क्या क्या किये तो स्काउट्स गाइड्स ने बताया कि जंगल के बीच में टेंट में रहना सोना, एडवेंचर्स में वर्मा ब्रिज, वॉल क्लाइंबिंग, टावर वॉल क्लाइंबिंग, ब्रिज जोन, मल्टी वाइन ब्रिज, रस्सी कोर्स, जिग जैग, एंगल लॉक, टायर ब्रिज, टेंपल ब्रिज आदि टास्क को समय में पूरा करना। द्वितीय दिवस में प्राकृतिक अध्ययन में अलोहा के जंगल से विभिन्न पेड़-पौधों वनोवषधि की जानकारी व पहचान कराया गया। संध्या जिला संघ की ओर सेजय पवार, आनंद साहू उपाध्यक्षद्वय, प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव, वरिष्ठ स्काउटरराम कुमार साहू, सुरेंद्र मानिकपुरी, सुशील शर्मा, तुलेंद्र सागर, उत्तम वर्मा व रोवर दिनेश घाडगे ने रात्रि कैंप फायर में सम्मिलित होकर स्काउट गाइड को प्रोत्साहित कर कैंपिंग जीवन का महत्व बताया। सर्व सुविधायुक्त घर से बाहर जंगल में टेंट में आवास सीमित साधन में अनुशासित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना, निडरता पूर्वक साहसिक गतिविधियों में भाग लेकर आत्मविश्वास बढ़ाना होता है।

तृतीय दिवस ऐतिहासिक अध्ययन के लिए सिरपुर में सुरंग टीला, लक्ष्मण मंदिर, गंधेश्वर महादेव का भ्रमण कर स्काउट गाइड ने प्राचीन नगरीय सभ्यता व शिक्षा व्यवस्था से परिचित हुए। शिविर में विभिन्न जिला से आए स्काउट गाइड सभी रोमांचित व उत्साह के साथ सहभागिता किए। इसी के साथ शिविर का समापन हुआ। जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू एवं चंद्रहास चंद्राकर जिला मुख्य आयुक्त ने कहा कि अब हमारे राज्य के स्काउट्स गाइड्स को पचमढ़ी व मनाली जाने की आवश्यकता नहीं क्योंकि, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने पचमढ़ी और मनाली जैसे एडवेंचर्स जलकी ग्राम में हो रहे हैं। शिविर में जिला से सहभागिता कर सफल होने पर जिला संघ की ओर से स्काउट गाइड व प्रभारी शिक्षकों को येत राम साहू जिलाध्यक्ष, चंद्रहास चंद्राकर जिला मुख्य आयुक्त, दाऊलाल चंद्राकर जिला सलाहकार, उपाध्यक्षगण जय पवार, अशोक अग्रवाल, आनंद साहू, एस चंद्रसेन, धर्मशीला दास, सुधा साहू, संतोष साहू, लिलिमा साहू, अवधेश विश्वकर्मा, लीनु चंद्राकर, प्रमोद कन्नौजे, राजीव तिवारी, शैलेन्द्र नायक, अर्चना तिवारी, कमल लूनिया, राम कुमार साहू, तुलेंद्र सागर, मधु तिवारी, लता वैष्णव, जेनेविबा तिर्की, भूमिका लूनिया, सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों के आसपास भारी वाहनों के आवागमन और पार्किंग पर रोक लगाएंः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



**माइनिंग परिवहन के दौरान सड़क सुरक्षा का कड़ाई से पालन करें-पुलिस अधीक्षक सिंह**

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सड़क सुरक्षा संबंधित विशेष बैठक में कहा कि शाला खोलने और बंद करने के दौरान भारी वाहन के आवागमन और परिवहन पर विशेष सतर्कता बरती जाएं। इस दौरान भारी वाहनों के गुजरने पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने परिवहन अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारियों को इस बाबत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि स्कूल परिसर और मुख्य दरवाजे के सामने भारी वाहनों के पार्किंग पर भी कार्रवाई करें तथा वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि औद्योगिक संस्थानों में भी परिवहन के समय पर निगरानी रखा जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय समिति नियमित तौर पर औद्योगिक संस्थानों का निगरानी करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में अन्य जिलों में माइनिंग परिवहन के दौरान हुए घटना को शासन ने गंभीरता से लिया है। माइनिंग परिवहन के दौरान जिले में किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो इसके लिए खनिज विभाग अलर्ट रहें। उन्होंने कहा कि सावधानीपूर्वक वैध परिवहन जारी रहे। लेकिन अवैध परिवहन बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर स्कूली बच्चों के आने-जाने के समय इस बात का ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित होती है तो उसके लिए खनिज विभाग के साथ-साथ संबंधित पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले के अधिकारी-कर्मचारी भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। कार्यालय आने-जाने के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट लगाएं। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर तक जिले में विभिन्न घटनाओं से 217 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

बैठक में वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओएस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, उप पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# जिले के 1167 गांव के युवाओं को भाजपा ने ठगाः अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार आई है तब से लगातार छत्तीसगढ़ के निवासियों को ठगने का काम कर रही है। इसी कड़ी में पूरे प्रदेश के चयनित तीन जिलों में से महासमुंद जिले को भी डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए चयनित किया गया था। कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि जिसमें हर ग्राम के 2 से 5 और कई ग्रामों में 15 युवाओं ने भी किसानों की फसल को ऑनलाइन सर्वे करने का काम किया। पटवारियों के माध्यम से तहसील स्तर पर हुई इस भर्ती के माध्यम से युवाओं को ट्रेनिंग भी दी गयी और एक ऑनलाइन सॉफ्टवेयर और एप का लॉगिन आईडी भी दिया गया और प्रति खसरे युवाओं को 10 रुपए देने का भी वादा किया। अंकित ने बताया कि महासमुंद जिले के संभवतः एग्रीटेक एप के माध्यम से युवाओं ने डिजिटल क्रॉप सर्वे का अपनी जान जोखिम में डाल कर हाथी प्रभावित क्षेत्र, सांप, बिच्छू की परवाह किए बिना काम किया, और तो और आज 2 माह बीतने के बाद भी 10 रुपए प्रति खसरे का पैसा भी उन्हें नहीं दिया जा रहा है। जबकि, दीवाली त्यौहार नजदीक है। युवाओं को काम में रखने से पूर्व एकाउंट नम्बर, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड भी लिया गया।



बदले में आईडी जनरेट कर के दे दी गयी और युवाओं ने अपना काम बड़ी ईमानदारी से किया। अंकित ने बताया कि लगभग 1167 गांव के लाखों खसरे जिले में है और ऐसा भी संभव है कि लगभग 5 हजार से ज्यादा बेरोजगार युवाओं ने इस काम को पूरी ईमानदारी से किया है और आज दो माह बीतने के बाद भी उनकी ईमानदारी से किये काम का लाखों रुपए उन्हें अप्राप्त हैं, और डबल इंजन सरकार में लगातार भ्रष्टाचार एक के बाद एक उजागर हो रहा है। अंकित ने कहा कि अगर दिवाली से पहले इनका भुगतान नहीं किया गया तो युवाओं के साथ मिलकर एक आंदोलन की रणनीति पर विचार करेंगे।

## सांकरा क्षेत्र में राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई, दो अवैध क्लीनिक सील

**महासमुंद**। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के नेतृत्व में राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का आकस्मिक दौरा करते हुए दो अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों को सील कर दिया। इन क्लीनिकों का संचालन बिना वैध दस्तावेज और उचित अनुमति के किया जा रहा था। इस दौरान टीम ने चंद्रहास क्लीनिक और बंगाली क्लीनिक का निरीक्षण किया, जहां कई प्रकार की अनियमितताएं पाई गई। क्लीनिकों के पास आवश्यक लाइसेंस और पंजीकरण नहीं थे। संयुक्त टीम ने दोनों क्लीनिकों में उपलब्ध दवाइयां, चिकित्सा उपकरण और उपचार सामग्री को तत्काल जब्त कर लिया। अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से संचालित चिकित्सा केंद्रों पर नकेल कसने के लिए इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी की जाएगी, ताकि, आम जन को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।



# जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला बैडमिंटन संघ महासमुंद द्वारा

**फॉरेस्ट हॉल में होगी स्पर्धा, मिनी व सब जूनियर खिलाड़ियों का होगा चयन**

जिला स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन चयन प्रतियोगिता का आयोजन 25 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 10 बजे से फॉरेस्ट बैडमिंटन हॉल महासमुंद में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मिनी एवं सब जूनियर (11 और 13 वर्ष आयु वर्ग ) के खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। इस प्रतियोगिता में केवल एकल खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। जिला एवं राज्य में पंजीकृत खिलाड़ियों को ही प्रवेश में पात्रता है।

पात्रता जिनका जन्म 1 जनवरी 2012 को या उसके बाद हुआ हो वे सभी खिलाड़ी खेलने के लिए पात्र है। साथ ही अगर किसी खिलाड़ी का जिले एवं राज्य में पंजीयन नहीं है, तो वह निर्धारित फॉर्म भर कर एवं देय राशि जमा कर इस चयन प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। खिलाड़ी का वार्षिक पंजीयन शुल्क 100 रुपए है। प्रतियोगिता एंट्री फीस 500 रुपए, छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ आईडी शुल्क 500 रुपए (जिनका नहीं बना होगा) देय होगा। सचिव घनश्याम सोनी ने बताया कि महासमुंद जिला बैडमिंटन संघ द्वारा जो भी खिलाड़ी जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले हैं उन्हें प्रेक्टिस के लिए निःशुल्क सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि, आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर सके।

साथ ही जिस खिलाड़ी का चयन होता है, साथ ही जो खिलाड़ी क्वालीफाई राउंड में अपना नाम देते है व खेलने के इच्छुक हो उन सभी खिलाड़ियों को जिला संघ द्वारा निशुल्क 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा जरूरत पड़ने अनुभवी प्रशिक्षक भी बुलाए जाएंगे। उपरोक्त जानकारी जिला संघ के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने दी है।

## खबर संक्षेप

### प्रतिभावान छात्रों का होगा सम्मान



**महासमुंद।** कर्मा जागृति महिला मंच द्वारा जिला स्तरीय स्वजातीय साहू समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रखा जाना है, जिन बच्चों को 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक, नेशनल खिलाड़ी, साहसी कार्य और कोई क्षेत्र में सराहनीय कार्य किये हो वे अपना बायोडाटा सती साहू मेघ बसंत कॉलोनी, गोविंद राम साहू मेडिकल स्टोर, शैल साहू शास्त्री चौक के पास 31 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं। साथ ही झनक साहू रायपुर से संपर्क कर सकते है।

### मृतकों के परिजनों के लिए सोलेशियम फंड से राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** टक्कर मारकर भागने संबंधी उपबंधों के अधीन सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से चोट लगने से मृत्यु होने पर सोलेशियम फंड से प्रतिकर के रूप में दो निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर एवं परिनिर्धारण आयुक्त विनय कुमार लंगेह द्वारा मोटरयान अधिनियम के तहत राशि स्वीकृत की गई है। इनमें सरायपाली विकासखंड के ग्राम बेलटिकरी निवासी रामेश्वर पटेल की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी द्रोपती पटेल एवं वार्ड नंबर 11 वीरेंद्र नगर सरायपाली निवासी गुरुमुख सिंह सलूजा की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी रजिंदर कौर सलूजा के लिए 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।



### पालक शिक्षक मेगा बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया जोर

**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला बिरकोनी में शिक्षक पालक मेगा बैठक हुई। जिसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पोषण साहू और उपाध्यक्ष ओंकार पटेल उपस्थित थे। सभी पालकों को उनके बच्चे के मासिक एवं त्रैमासिक मूल्यांकन के संबंध में पालकों को विस्तार पूर्वक बताया गया। पलकों को विशेष अवसर पर न्योता भोज के बारे में जानकारी दी गई। जाति प्रमाण पत्र के बारे में एसटीएससी बालिकाओं को छात्रवृत्ति और पुस्तक, अंगना में शिक्षा और परख आकलन, शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर दिया गया। जिसमें संस्था के प्रधान पाठक देव चरण साहू और शिक्षिका धनेश्वरी प्रजापति, मुकेश प्रजापति, मेघा ध्रुव, संगीता साहू सहित पालकगण उपस्थित रहे।

# आसुरी शक्तियों के शमन और सात्विक समाज की स्थापना का पर्व है विजयादशमीः बुधेश्वर

## तुमगांव नगर में भव्य पथ संचलन के साथ मनाया गया विजयादशमी उत्सव, स्वयंसेवकों ने दंड, शारीरिक संचालन का प्रदर्शन किया

--हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मर्यादित मानवीय मूल्यों की स्थापना का स्मरण कराती है। यह पर्व आसुरी शक्तियों के शमन और सात्विक समाज की प्रतिष्ठापना का पर्व है। उक्त विचार थे राम मंदिर तुमगांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित विजयादशमी उत्सव के मुख्य अतिथि गुरु रविदास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बुधेश्वर कुमार सोनवानी के। उन्होंने कहा कि रामजी का पूरा जीवन आसुरी शक्तियों से संघर्ष करने में बीता, ठीक उसी प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जीवन यात्रा भी रामजी की भांति संघर्ष और संकल्पशीलता से युक्त है।

कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 89 गणवेश धारी स्वयंसेवकों द्वारा नगर में भव्य पथ संचलन के साथ हुआ। घोष वाद्ययंत्रों के साथ कदम से कदम मिलाकर पथ संचलन भाटापारा डोम शेड से नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए राममंदिर में सम्पन्न हुआ। बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला कार्यवाह धनेश्वर साहू ने कहा कि संघ अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसकी स्थापना 1925 विजयादशमी को हुई थी। त्रेतायुग में राम ने समाज जागरण के लिए वानर भालू, वनवासी आदि के रूप में जन सामान्य को संगठित किया। वही शैली संघ रचना में है। रामजी की भांति संघ का उद्देश्य भी अपना प्रभाव बढ़ाना अथवा सत्ता का मार्ग बनाना नहीं था। अपितु, सामाजिक सांस्कृतिक भाव का जागरण करना था, जैसा रामजी ने



अपने पूरे जीवनभर किया। संघ की स्थापना के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार का उद्देश्य भारत में एक स्वाभिमान संपन्न समाज और संस्कृति संपन्न राष्ट्र का निर्माण करना था। संघ अब विश्वव्यापी स्वरूप ले चुका है। संघ ने अपनी जीवन यात्रा में अनेक उतार चढ़ावों के बावजूद संघ में कोई विचलन नहीं आया। संघ की ध्येयनिष्ट यात्रा यथावत रही।

मुख्य वक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पूरी शताब्दी यात्रा भी संकल्पना से युक्त है। संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक और कार्यकर्ता मानो रामजी के राजकाज के सैनिक है और सनातन संस्कृति और मानवीय मूल्यों की संस्थापना के लिये समर्पित है। संघ रचना का ध्येय भारतीय जीवन में स्वत्व का वोध कराकर भारत राष्ट्र और भारतीय संस्कृति की पुनर्स्थापित करना है। मुख्य वक्ता ने कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण और नागरिक कर्तव्यों पर संघ का दृष्टिकोण स्पष्ट किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। स्वयंसेवकों ने दंड प्रदर्शन व शारीरिक संचालन का उत्कृष्ट नमूना पेश किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव पार्षदगण, खंड संघचालक भगोली राम साहू, विभाग कार्यवाह दयामणि सिदार, जिला सह बौद्धिक प्रमुख राधेश्याम सोनी, धर्म जागरण के त्रिलोक विक्की शर्मा, रविदास महासभा से वेदराज मेहरा, राजू मिर्धा, विविध संगठनों से मोती साहू, चैनू साहू, अखिलेश लूनिया आनंद साहू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग, जिला व खंड के कार्यकर्ता सहित नगर के प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन संघ प्रार्थना उपरान्त प्रसाद वितरण के साथ हुआ। उक्ताशय की जानकारी खंड कार्यवाह चंदन डड़सेना ने दी।

# निःशुल्क कोचिंग संस्था सुपर 40 बागबाहरा में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

पिछले पांच वर्षों से विकासखंड बागबाहरा में संचालित सुपर 40 संस्था द्वारा नियमित ऑनलाइन और ऑफलाइन कक्षा द्वारा क्षेत्र के बच्चों को ब्लॉक के सेवाभावी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। 20 अक्टूबर 24 रविवार को छात्र-छात्राओं के पालकों के साथ शिक्षा पर चर्चा, बच्चों की बुनियादी शिक्षण मजबूत करते हुए आने वाले भविष्य की प्रतियोगी परीक्षा के चैलेंज को किस तरह स्वीकारें, उस पर किस तरह काम किया जाए पर चर्चा-परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पालकों ने संस्था द्वारा निस्वार्थ भाव से किए जा रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



स्वामी आत्मानंद विद्यालय बागबाहरा में संचालित इस निःशुल्क कोचिंग को स्कूल समिति के अध्यक्ष संजय मालवे ने सभी प्रकार के मदद के साथ बेहतर करने और संरक्षक की भूमिका निभाने की बात कही।

इस अवसर पर संयोजक हीरासिंग नायक ने सभी पालकों को प्रतिदिन स्कूल और घर में बच्चों की नियमित शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। आने वाले समय में सुपर 40 संस्था की आगामी कार्य योजनाओं सुपर 40 कक्षा 10वीं के बारे में पालकों को अवगत कराया। सभी पालकों ने ध्यानपूर्वक बाते सुनी और उसे अपने पाल्य के लिए लागू करने की बात कही। पालकों में प्रमुख रूप से युगल किशोर साहू, इंदल नायक, कुलदीप साहू, लोकनाथ रैदास, लखन साहू, हृदेश्वर पटेल, मोगेश पिंटू चंद्राकर, रूपा पांडे, ममता त्रिपाठी, काशीनाथ नायक, हेमंत रात्रे, महेंद्र बंजारे नारायण यादव, हेतु राम साहू, अक्षय कुमार साहू, नंद लाल नारंग आदि उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं का नवोदय और प्रयास विद्यालय के पैटर्न पर प्रथम टेस्ट परीक्षा का आयोजन भी किया गया। संस्था के वरिष्ठ और सेवाभावी शिक्षकों में सह संयोजक जितेंद्र दीवान, परीक्षा प्रभारी जगदेव साहू, कोषाध्यक्ष अनिल चक्रधारी, सचिव केदारनाथ साहू, मीडिया प्रभारी धीरज तिवारी और रश्मि शर्मा, धनेश्वर साहू, योगेंद्र चंद्राकर, परस राम ठाकुर, सुभाष चंद्राकर, छोटू निषाद, अश्विनी दीवान, राजेंद्र कुमार साहू, रिंकल बग्गा, रहमान खान, विजय व्यवहार आदि उपस्थित रहे।

# टास्क फोर्स की बैठक में बाल श्रम के लिए किए कार्यों की ली गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक ली। बैठक में बाल श्रम (निषेध और नियमन) के लिए किए गए कार्यों की जानकारी ली गई।

कलेक्टर ने सभी सदस्यों और स्वयंसेवी संस्थाओं को निर्देशित किया कि वे समन्वय स्थापित कर प्रतिमाह बालक और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) नियम 2017 की धारा 17 सी(2) के तहत संयुक्त निरीक्षण की कार्रवाई करें। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों की जानकारी, जो एक माह से विद्यालय में अनुपस्थित हैं, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला नोडल अधिकारी श्रम विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी। इन चिन्हांकित बच्चों को सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत औपचारिक प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 4 के



तहत उचित आयु वर्ग की औपचारिक शालाओं में प्रवेश दिया जाएगा। कलेक्टर ने होटल, ढाबों और औद्योगिक संस्थानों में सतत निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं। जिला स्तरीय टास्क फोर्स के नोडल अधिकारीडीएन पात्र ने बताया कि समिति के माध्यम से संयुक्त टीम द्वारा 1 से 30 जून 2024 तक 09 एवं 1 से 30 अगस्त 2024 तक 23 संस्थानों में निरीक्षण कार्रवाई किया गया तथा 26 संस्थानों को धारा 12 अंतर्गत उल्लंघन पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया है। बैठक में टास्क फोर्स के सदस्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पाण्डेय, श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र एवं संचालक निदान सेवा परिषद सुरेश शुक्ला मौजूद रहे।

# बरबसपुर प्राथमिक स्कूल में न्योता भोज का आयोजन



**बसना।** भारत सरकार योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री पोषण शक्ति आहार के तहत शासकीय प्राथमिक शाला-बरबसपुर में झरना गिरीश बारीक परिवार द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को खीर-पुड़ी परोसा गया। इस अवसर संकुल संमन्वयक मुखर्जी, तनूजा साहू, शिव कुमार साहू, प्रभारी प्रधान पाठक गौरटेक, पंच दिलीप प्रधान, आंगनबाड़ी सहायिका बृंदावती भोई आदि मौजूद रहे।

# छग हिंदी साहित्य परिषद की संरक्षक चुनी गईं डॉ. अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य परिषद जिला के प्रातांध्यक्ष पं नर्मदा प्रसाद मिश्र नरम एवं जिला अध्यक्ष शिव शंकर पटनायक द्वारा गहन चिंतन मनन के बाद नगर की प्रख्यात शिक्षाविद डॉ अनुसुइया अग्रवाल को छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य परिषद जिला-महासमुंद की संरक्षक मनोनीत किया गया। विदित हो कि यह समिति नवोदित रचनाकारों को साहित्य के क्षेत्र में स्थापित करने जिले के साहित्यकारों के लेखन को पुस्तकाकार करने एवं साहित्यिक आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है। अपने महती उद्देश्यों की पूर्ति को लेकर 20 अक्टूबर 2024 को पिथौरा के गुरू तेग बहादुर धर्मशाला में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रखा गया था। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रख्यात चिकित्सक डॉ शशांक



गुप्ता, अध्यक्ष साहित्य रत्न आभा तिवारी एवं विशेष अतिथि डॉ अनुसुइया अग्रवाल थी। इस अवसर पर अद्वितीय प्रतिभाशालिनी साहित्यकार नीति गुप्ता का भी सम्मान किया गया। डॉ अनुसुइया अग्रवाल का सम्मान करते हुए जिलाध्यक्ष द्वारा सॉल, फल एवं अभिनंदन पत्र भेंट की गई, जिसमें उल्लेख किया गया है कि आपके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोच्च डिग्री डीलिट् प्राप्त कर पूरे जिले में प्रथम रहकर वंदनीय और प्रशंसनीय कार्य किया गया है। शिक्षा के साथ-साथ लेखन, अध्यापन, प्रकाशन, संपादन, प्रसारण जैसे सभी क्षेत्रों में अपनी दखल देना, अत्यंत प्रशंसनीय है। वहीं शोध की दिशा में लगातार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभागिता एवं विशेष आसंदी पर रहना पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करना है। यह भी कहा गया कि आप छत्तीसगढ़ महतारी की दुलौरिन बेटी है और रत्नशर्मा छत्तीसगढ़ की अनेक बहुमूल्य रत्नों में एक है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया एवं समिति के उद्देश्यों की पूर्ति की प्रतिबद्धता हेतु स्वयं भी शपथ लिया।


# राज्यपाल के हाथों पाणिग्राही को भिलाई में मिला स्वच्छता वीर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सेवा का सम्मान जरूर होता है, आज नहीं तो

- वैशाली नगर भिलाई विधायक रिकेश सेन की उपस्थिति में हुआ सम्मान समारोह

कल। यह उद्गार व्यक्त करते हुए स्वच्छता दूत डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि 15 अगस्त 2014 को लाल किले से प्रधान मंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन, भारत को स्वच्छ बनाना है, खुले में शौच मुक्त देश बनाना है इससे मैं प्रेरित हुआ एवं 2 अक्टूबर 2014 से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे दस वर्षों से स्वच्छता, स्वच्छ भारत स्वच्छता ही सेवा कार्य में जुटा हूं। जिला ही नहीं रायपुर, दुर्ग,



भिलाई, राजनांदगांव, ओडिशा, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, वृंदावन, मथुरा, लखनऊ सहित विभिन्न स्थानों में कहीं स्वच्छ भारत का प्रशिक्षण लेकर मास्टर ट्रेनर बना तो कहीं प्रशिक्षण दिया। जिले का स्वच्छता नवरत्न मनोनीत हुआ। स्वच्छ सर्वेक्षण ब्रांड एंबेसेडर नगर पालिक निगम दुर्ग एवं नगर पालिक निगम बागबाहरा से मनोनीत हुआ।

21 अक्टूबर 2024 को वैशाली नगर भिलाई विधायक रिकेश सेन के आयोजन में राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, विधायकद्वय रिकेश सेन एवं गजेंद्र यादव के द्वारा कला केंद्र भिलाई के सभा भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता वीर सम्मान प्रदान किया गया।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

# बिरकोनी कन्या स्कूल में जैविक खेती, मिलेट्स व कृषि में रोजगार विषय पर सेमिनार का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में जैविक खेती, मिलेट्स और कृषि में रोजगार विषय आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य प्रवक्ता के रुप में डॉ. विवेक सिंघल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कांपा महासमुंद रहे। इनके द्वारा जैविक खेती, राइजोबियम जीवाणु द्वारा नाइट्रोजन स्थिरीकरण, दलहनी फसल, नील हरित शैवाल, सायनोबैक्टीरिया, केंचुआ खाद, जैविक बीज, पोषक तत्वों का प्रबंधन, कीट व्याधि का प्रबंधन, फसल चक्र, खरपतवार, खेतों का कठोरी पन



मिलेट्स कोदो, कुटकी, रागी, सांवा, मेंजर और माइनर मिलेट्स, मिशन साथी मिलेट कैफे और एग्रीकल्चर कोर्स करने के फायदे के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में छात्रा इंद्राणी साहू, व्याख्याता संतराम साहू, व्याख्याता रागिनी चंद्राकर द्वारा सिंघल सर का तिलक और बैच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। जीवविज्ञान की व्याख्याता अनुपमा मानिकपुरी ने इस विषय पर संक्षिप्त जानकारी प्रदान किया। व्याख्याता चित्रसेन साहू ने आभार व्यक्त किया। शिक्षक महेंद्र ध्रुव ने कार्यक्रम की व्यवस्था बनाने में सहयोग किया। व्याख्याता मनहरन लाल भट्ट, निधि अग्रवाल, मनीषा तिर्की, व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल, शिक्षक रेणुका चंद्राकर, भानेंद्र सिंह बिसेन कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी, अजय सहित ग्यारहवीं, बारहवीं, नवमी की छात्राएं मौजूद रहे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

